# विभागीय समितियों की बैठक समय पर आयोजित हो

## एमपी ई-सेवा पोर्टल के जरिए हितग्राहियों को पहुंचायें लाभ





**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 09 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि विभिन्न विभागो में गठित विभिन्न विभागीय समितियों की बैठक नियत समय पर अनिवार्य रूप से आयोजित की जायें, इसके साथ ही उन्होंने अब तक हुई बैठको का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे थे। इस अवसर पर डीएफ्ओ सामान्य केएस रंधा, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।


कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने बैठक में निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से हितग्राहियों को विभिन्न कल्याण कारी योजनाओं का लाभ दिलायें, उन्होंने जानकारी दी कि शासन द्वारा एमपी ई-सेवा पोर्टल शुरू किया गया है, जिसमें समग्र आईडी दर्ज करने पर संबंधित हितग्राही को पात्रता के आधार पर मिलने वाले लाभ प्रदर्शित होते है, जिन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने में पात्रता आ रही है, उसमें लाभ प्रदान करने का कार्य किया जायें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि एमपी ई-सेवा पोर्टल का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जायें। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल हर पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ सुनिश्चित करने हेतु कार्यशील है। उल्लेखनीय है कि एमपी ई-सेवा पोर्टल के जरिए हितग्राही पंजीयन कर स्वयं की पात्रतानुसार योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस पोर्टल के जरिए सभी विभागों की योजनाओं से संबंधित प्रमाण पत्र, पात्रता जांच एवं आवेदन की स्थिति देखी जा सकती है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि शिकायतों का निराकरण सकारा त्मक दृष्टिकोण से किया जायें। संबंधित व्यक्ति की सतुष्टि उपरांत सीएम हेल्पलाइन को बंद किया जायें। उन्होने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अगले माह टॉप-5 का लक्ष्य लेकर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों में एल-1 अधिकारी द्वारा शिकायतों को तत्काल अटेन्ड किया जायें, सभी विभाग शत प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के लक्ष्य के साथ कार्य करें। अधिकारी कलस्टर लेबल पर निराकरण की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें तथा मैदानी अमले से संतुष्टिपूर्वक निराकरण करायें।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

## कराहल-सिलपुरी मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने पेड़ से टकराकर किया जानलेवा हादसा



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,09 दिसम्बर।** जिले के कराहल-सिलपुरी मार्ग पर एक दुखद सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना थाना कराहल क्षेत्र के जाखदा गांव के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। दुर्घटना में घायल दोनों युवक रिश्ते में सगे भाई थे और पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत के भांजे थे। कार में सवार दोनों युवक मुरैना जिले के मड़ेबा गांव के निवासी थे। मृतक की पहचान देवेंद्र रावत (28 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक रामरूप रावत (31 वर्ष) का इलाज श्योपुर जिला अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार जाखदा से कराहल की ओर तेज गति से जा रही थी। अंधेरे और चालक की नींद के कारण उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सीधे पेड़ से टकरा गई। कार चला रहे देवेंद्र रावत की सस्टेयरिंग सीने में लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने श्योपुर डायल-112 और थाना कराहल पुलिस को तुरंत सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को श्योपुर जिला अस्पताल भेजा, जबकि मृतक का पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने हादसे का मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के सही कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच के अनुसार तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही को मुख्य कारण माना जा रहा है। हादसे में जीवन खोने वाले देवेंद्र रावत के परिवार में शोक की लहर है, जबकि घायल रामरूप रावत की हालत गंभीर बताई जा रही है। फोटो विजय 1

## अपहृत नाबालिक बालिका को 24 घण्टे के अन्दर किया दस्तयाब

**इंदरगढ़।** पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया श्री सूरज कुमार वर्मा द्वारा अपहृत बालक, बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के निर्देशन में एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया श्री सुनील कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय सेवढ़ा श्रीमान अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना डीपार पुलिस ने थाना डीपार पर अपराध क्रमांक 83/25 धारा 137(2) बीएनएस दिनांक 07.12.25 का कायम कर अपहृत नाबालिक की पतासी कर दिनांक 08.12.25 को 24 घण्टे के अन्दर दस्तयाब कर बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष पेश किया गया। थाना प्रभारी डीपार उप निरीक्षक सियाराम गौड, सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार, . राघवेन्द्र सिंह राजावत, आर. 03 अनिल यादव ,राहुल ,भावना भदौरिया की अहम भूमिका रही।

# लाडली बहना योजना की 31वी किस्त की राशि का अंतरण

## 01 लाख 08 हजार 679 बहनाओं को मिली राशि खाते में आई 1500-1500 रूपये की राशि

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 09 दिसंबर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज छतरपुर जिले के राजनगर में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम के माध्यम से 31वी किस्त के रूप में प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण किया गया। इस माह लाडली बहनाओं को 1500-1500 रूपये की राशि बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त हुई है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों पर कार्यक्रम आयोजित कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले की 01 लाख 8 हजार 679 लाडली बहनाओं को उनके बैंक खाते में 1500-1500 रूपये की राशि प्राप्त हुई। श्योपुर की लाडली बहनाओं को माह नवंबर के लिए कुल 16 करोड 5 लाख 8 हजार 900 रूपये की राशि अंतरित की गई।

योजना के तहत श्योपुर जिले में कुल 1 लाख 8 हजार 679 बहनों को लाभ मिला है। नगरपालिका श्योपुर क्षेत्र की 11 हजार 753, नगर परिषद बडौदा क्षेत्र की 3393, नगर परिषद विजयपुर क्षेत्र की 2821, जनपद पंचायत क्षेत्र श्योपुर की 43 हजार 856, जनपद पंचायत कराहल क्षेत्र की 11 हजार 636 तथा जनपद पंचायत विजयपुर क्षेत्र की 35 हजार 220 लाडली बहनाओं को यह राशि प्राप्त हुई है।

## कलेक्टर ने किया शस्त्र लाईसेंस निरस्त

**श्योपुर, 09 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के प्रतिवेदन के आधार पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शस्त्र लाईसेंस धारक दौलतराम गुप्ता निवासी मैन बाजार श्योपुर का शस्त्र लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में विचाराधीन अपराध, पूर्व के आपराधिक रिकार्ड और सार्वजनिक व्यवस्था बिगाडने की प्रवृति से अप्रिय घटना की आशंका के प्रबल होने के दृष्टिगत रख लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गई है। शस्त्रधारक दौलतराम गुप्ता निवासी मैन बाजार के नाम से शस्त्र लाईसेंस क्रमांक डीएम श्योपुर 05/2019 पर 32 बोर पिस्टल दर्ज है। उक्त शस्त्र लाईसेंस को लोक शांति विक्षुब्ध होने की आंशका के चलते निरस्त किया गया।

# बैजंती को मिली ट्राईसिकल, कलेक्टर ने 5 हजार की सहायता भी दी

## रामसिया बाई को मिलेगा संबल का लाभ



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 09 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा द्वारा विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम कीजरी निवासी महिला श्रीमती बैजंती बाल्मिकी को रेडक्रॉस के माध्यम से 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई, इसके साथ ही उक्त दिव्यांग महिला को सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा ट्राईसिकल भी प्रदान की गई।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने श्रीमती बैजंती बाल्मिकी को पति स्व. राजाराम बाल्मिकी की सामान्य मृत्यु पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि का लाभ प्रदान करने हेतु प्रकरण को अपील में लिये जाने के निर्देश दिये गये। उक्त महिला के साथ उपस्थित ग्राम कीजरी के पंचायत सचिव को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया गया। महिला का नाम आवास योजना 2.0 में भी जोडा गया है। महिला को पेंशन योजना तथा खाद्यान पर्ची का लाभ पूर्व से ही मिल रहा है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कुल 139 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा ग्राम जानपुरा निवासी श्रीमती रामसिया बाई को पति की सामान्य मृत्यु पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान करने हेतु ईपीओ जारी करने के निर्देश दिये गये। महिला श्रीमती रामसिया बाई द्वारा पति स्व. मलखान सिंह बैरवा की मृत्यु होने से उक्त योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। उक्त आवेदन का तत्काल निराकरण करते हुए सीईओ जनपद को ईपीओ जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा जनसुनवाई के दौरान खाद्यान पर्ची प्रदाय किये जाने संबंधी आवेदन का मौके पर ही निराकरण करते हुए तत्काल ही आवेदक भीम बैरवा निवासी पाण्डोला को खाद्यान पर्ची प्रदाय की गई। आवेदक बैरवा ने अवगत कराया था कि खाद्यान पर्ची जनरेट नही होने से राशन नही मिल पा रहा है। इस पर तत्काल ही फूड विभाग के माध्यम से खाद्यान पर्ची जनरेट कराकर आवेदक को उपलब्ध कराई गई, जिससे हर माह पीडीएस के तहत खाद्यान का लाभ मिलेगा।

## एक नजर में

### खेत की बागड़ करने पर मारपीट की एवं गालियां दी

श्योपुर, 09 दिसंबर। थाना विजयपुर मारपीट फरि माया पत्नी सियाराम रावत उम्र 42 साल नि. सुनवई ने रिपोर्ट की कि दि. 01.12.25 के 10.00 बजे से 10.15 बजे तक स्थान फरि का मेडे वाला खेत सुनवाई पर आरोपीगण ,श्रीमती रामसनेही रजक ,श्रीमती रजक, श्रीमती शिवदेही रजक, जितेन्द्र रजक, सूरज रजक, रामदीन रजक, सूरज की मां नि.गण सुनवई ने फरिया को खेत की बागड करने पर से मारपीट की एवं गालियां दी मेडीकल रिपोर्ट पर से कायमी की गई । दि.08.12.25 के 18.18 बजे अप.क्र. 448/25 धारा 118(1), 352,115(2), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### बोर से पानी निकालने पर मारपीट

थाना अगरा मारपीट फरि. अतवल पुत्र काशीराम धाकड़ उम्र 55 साल नि. पिपरवास ने रिपोर्ट की कि दि. 08.12.25 के 15.00 बजे स्थान फरि का वोर वाला खेत ग्राम पिरवास पर आरोपीगण, अतर सिंह गुर्जर , मुकेश गुर्जर, धर्मेन्द्र गुर्जर नि.गण डोडरीकलां थाना अगरा ने फरि को बोर से पानी निकालने पर से मारपीट की एवं गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 08.12.25 के 18.08 बजे अप.क्र. 63/25 धारा 296ए,115(2),351(3),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### बोर की लेजम खेत से उठाने पर से मारपीट

मारपीट फरि. उपेन्द्र गुर्जर पुत्र सोनेराम गुर्जर उम्र 22 साल नि. डोडरीकलां ने रिपोर्ट की कि दि. 08.12.25 के 15.00 बजे स्थान आरोपी के बोर वाला खेत पिपरवास पर आरोपीगण , अतवल धाकड़, लखन धाकड़ नि.गण पिपरवास ने फरि को बोर की लेजम खेत से उठाने पर से मारपीट की एवं गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी ।दि. 08.12.25 के 19.11 बजे अप.क्र 64/25 धारा 296ए,115(2),351(3), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### ट्रैक्टर से मारी टक्कर, इलाज के दौरान एक की मृत्यु

थाना मानपुर सड़क दुर्घटना में मृत्यु फरि गोपाल पुत्र मांगीलाल शर्मा उम्र 24 साल नि. वार्ड क्र. 22 जिला अस्पताल श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 04.10.25 के 08.00 बजे स्थान रेलवे ट्रेक चक बमूलिया के पास पर आरोपी गंगाराम नि. विशनोईया का वास भानिया तहसील सोजल जिला सवाईमाधौपुर पाली राजस्थान ट्रक्टर चालक ने अपने ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर आयुष्भील में टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु दौराने इलाज जिला अस्पताल श्योपुर मे हो गई ।दि. 08.12.25 के 17.21 बजे अप.क्र. 249/25 धारा 106 ( 1) बीएनएस कायम लिया है।

### चंबल नहर के पानी में डूबने से एक की मृत्यू

थाना कोतवाली मर्ग सूचनाकर्ता सत्यनारायण पुत्र शंभूलाल प्रजापति उम्र 33 साल नि. बड़ी मस्जिद के पीछे गांधी नगर श्योपुर ने बताया कि दि. 05.12.25 के 16.00 बजे स्थान वर्धा खिर्द के पास चम्बल नहर ढोढर रोड श्योपुर पर मृतक रिन्कू पुत्र शंभूदयाल प्रजापति उम्र 25 साल नि. सदर मृतक की मृत्यू चंबल नहर के पानी में डूबने से हो गई गुमइंसान जांच पर से कायमी की गई। दि. 08.12.25 के 21.58 बजे अप.क्र. 26/25 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर लिया है।

### सत्संग में पहुंचे सेवड़ा विधायक

**इंदरगढ़।** नगर दालमील रोड़ पर श्री राधा रानी गौ उपचार साला में सतसंग में पहुंचे सेवड़ा विधायक ने बैठकर कथा सुनी एवं गायों को देखकर उनकी उचित व्यवस्था के लिए आश्वासन दिया उपस्थित रहे भाजपा राधाचरण चौबे भास्कर गुप्ता बुध सिंह जाटव अमरीश गुप्ता रामनिवास गुप्ता पवन पाठक निज सहायक प्रभात श्रीवास्तव आदि भाजपा कार्यकर्त उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत का जागरूकता रथ व बाईक रैली का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,09 दिसम्बर।** 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु आमजन में प्रचार-प्रसार किये जाने के संबंध में जिला न्यायालय परिसर से प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता द्वारा जागरूकता रथ एवं बाईक रैली को हरी इण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया। उक्त आयोजित रैली न्यायालय परिसर श्योपुर से प्रारंभ होकर गुलम्बर नगर पालिका से विभिन्न सार्वजनिक मार्गो से होती हुई यातायात पुलिस थाने पर समाप्त की गई। बाईक रैली में यातायात विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद, पैरालीगल वालेंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउसेल्स एवं ग्रामीण स्वालबन समिति, श्योपुर द्वारा सहभागिता की गई। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ श्योपुर ललित मुदगल, माननीय प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, संजय गोयल, माननीय विशेष न्यायाधीश लीलाधर सौलंकी, माननीय प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुश्री प्रतिष्ठा अवस्थी, माननीय तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती बबीता होरा शर्मा, माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री संध्या मरावी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमोघ अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती मनदीप कौर सेहमी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री ऋचा भट्ट, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री पूर्वी राय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी महोदय परवेज आलम, विद्युत विभाग श्योपुर की ओर से उपमहाप्रबंधक श्री प्रतीक कुमार तुण्डेलकर, उपमहा प्रबंधक (डिबीजन) मोहम्मद आशिफ इकबाल, प्रबंधक बृजेन्द्र भाटिया, सहायक प्रबंधक विजय दागी, संजय शाक्य व राहुल गुप्ता, यातायात विभाग, पुलिस विभाग के कर्मी, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं लीगल एड डिफेंस काउसेल्स विद्युत विभाग के कर्मचारीगण, नगरपालिका के कर्मचारी गण व पैनल अधिवक्ता एवं ग्रामीण स्वालंबन समिति, श्योपुर के जनसाथी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# सुपोषण पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,09 दिसम्बर।** भारत सरकार के अंतर्गत नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के क्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आदिवासी विकास खण्ड कराहल के ग्राम गोरस में आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषण और स्वच्छता के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में आकांक्षी कार्यक्रम की समन्वयक सुश्री दीपांशी जादौन ने समय पर भोजन की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सही समय पर संतुलित आहार लेने से शरीर की कार्यक्षमता बढ़ती है और कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए समय पर भोजन के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में महात्मा गांधी सेवा आश्रम के फील्ड कोर्डिनेटर नीरज श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, शिक्षक, स्थानीय ग्रामवासी, महिलाएं और किशोरी बालिका उपस्थित रहीं।

### 5 लोगों को 5-5 हजार की आर्थिक सहायता

**श्योपुर, 09 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा 5 लोगों को उपचार कराने के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से 5-5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम रामगावडी निवासी सुरेन्द्र बैरवा को उपचार सहायतार्थ 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी गई है। 23 वर्षीय युवक सुरेन्द्र का उपचार दिल्ली एम्स में आयुष्मान योजना के तहत चल रहा है, उपचार हेतु मार्गव्यय के लिए 5 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम सेमल्दा हवेली निवासी श्रीमती फैरंती आदिवासी को भी रेडक्रॉस से 5 हजार रूपये की सहायता राशि पति के उपचार हेतु भोपाल जाने के लिए मार्गव्यय हेतु प्रदान की गई। महिला श्रीमती फैरंती बाई के पति दयाल आदिवासी का उपचार आयुष्मान कार्ड के माध्यम से कैंसर हॉस्पीटल भोपाल में चल रहा है। महिला ने बताया कि उपचार तो आयुष्मान योजना में निशुल्क हो रहा है, लेकिन आने-जाने में किराया आदि खर्च की परेशानी है, इस पर 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा इसके अलावा रामकिशोर जाटव निवासी भूरेडी तहसील विजयपुर को पत्नि के उपचार के लिए, श्रीमती मीरा बाई जाटव निवासी गोठरा तहसील कराहल को पुत्र के उपचार के लिए तथा कैलाश सुमन निवासी ग्राम लूण्ड तहसील श्योपुर को पुत्र के उपचार के लिए 5-5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। सहायता राशि के चौक रेडक्रॉस के सचिव दिनेश दुबोलिया द्वारा प्रदान किये गये। इस अवसर पर जिला नाजिर सत्यनारायण शर्मा, पैरालीगल वॉलेटियर सुश्री जया सोलंकी भी उपस्थित रहें।

# एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित, प्रतिनिधि रहे उपस्थित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,09 दिसम्बर।** जिले में संचालित एसआईआर कार्य को लेकर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है। एनआईसी कक्ष श्योपुर में आयोजित बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन, एसडीएम गगन सिंह मीणा, भाजपा एसआईआर प्रभारी कैलाश नारायण गुप्ता, दिनेशराज दुबोलिया, कांग्रेस से सुमेर सिंह, बृजेश सिंह गहरवार, बसपा से जमील अहमद, आम आदमी पार्टी से अनिल मीणा, इलेक्शन सुपरवाईजर इमरान खान, अखलाक खान आदि उपस्थित रहें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन द्वारा जानकारी दी गई कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपूर्ण म.प्र. सहित श्योपुर जिले में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण में मतदाताओं को प्रदाय किये गये गणना फार्म डिजिटाईज का कार्य दिनांक 11 दिसंबर तक किया जाना है।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान जिले में कुल 516986 मतदाताओं में सें 4 लाख 83 हजार 209 मतदाताओं की लिंक सत्यापन की जा चुकी है, अनकलेक्टेबल गणना पत्रक की संख्या 33787 है, यह ऐसे मतदाता है जो मृत, एबसेंट, शिफ्टेड, ऑलरेडी इनरोल्ड की केटेगरी में दर्ज कियें गये है जिनका नाम 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में नही आयेगा।

इसी प्रकार जिले में कुल 9248 नो मैपिंग के गणना पत्रक प्राप्त हुए है यह ऐसे मतदाता है जिनका स्वयं का नाम, उनके माता पिता का नाम वर्ष 2003 की सूची में नही होने के कारण इन्हे नो मैपिंग की केटेगरी में रखा गया है, जिनको निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस दिया जाएगा।

## स्कूल में स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर, 09 दिसंबर।** जिले में बच्चों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शा प्राथमिक विद्यालय कौशलपुर का सहराना में स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन एवं उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान करना था। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टीम ने बच्चों की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबिन, पोषण स्तर, दांत, आंख, त्वचा और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही बच्चों को स्वच्छता, एनीमिया रोकथाम, किशोरावस्था में होने वाले बदलाव, संतुलित आहार, पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया।

# हाई स्कूल गोहना में छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़,09 दिसम्बर।** हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार छात्र-छात्राओं की सर्वांगीण विकास के लिए हर पहलू पर उन्हें हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करा रही है छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने हेतु निशुल्क साइकिलों का वितरण भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार वर्ष 2003 से करती आ रही है इसके अलावा निशुल्क ड्रेसें , निशुल्क किताबें एवं विभिन्न प्रकार के वजीफा देने के साथ-साथ प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को लैपटॉप एवं स्कूटी भी देने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है पहले के जमाने में स्कूलों में टेबल कुर्सी भी नहीं हुआ करती थी आज सभी छात्र-छात्राओं को टेबल कुर्सी के अलावा कंप्यूटर खेल के साधन आधुनिक प्रयोगशालाएं सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है आगे सरकार द्वारा प्रत्येक स्कूल को सोलर संयंत्र लगाकर बिजली की स्थाई व्यवस्था की जाने की योजना है साथ ही स्कूलों में बच्चों की एक्सरसाइज के लिए जिम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी विद्या के अध्ययन से किसी भी कार्य को करने की बेहतर क्षमता प्राप्त होती है कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर राष्ट्र विरोधी कार्यो में लिप्त हो जाते हैं जो शिक्षा का दुरुपयोग करते हैं, जिसका ज्वलंत उदाहरण दिल्ली में हाल ही में हुआ विस्फोट है जिसमें पढ़े लिखे लोगों की अहम भूमिका रही है । आप लोगों से अनुरोध है की विद्यार्जन कर राष्ट्र हित में कार्य कर राष्ट्र के नव निर्माण में सहभागिता कर अपने माता-पिता गुरुजनों अपने गांव अपने जिले का नाम रोशन करें ।इस अवसर पर मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं , यह बात सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने हाई स्कूल गोहना में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष प्रवीण गौर, ग्राम के सरपंच प्रति निधि रुप सिंह गुर्जर के अलावा भाजपा नेता लाखन सिंह गुर्जर, संजीव सिंह कमरिया, रामबरन सिंह रावत, शगुन सिंह कमरिया, बलवीर कुशवाहा, अजमेर सिंह गुर्जर, बंटी गुर्जर ,रमाकांत श्रीवास्तव, बबलू गुर्जर, पुष्पेंद्र सिंह रावत, आदि उपस्थित रहे । स्कूल के प्रभारी प्राचार्य संजय शर्मा एवं स्टाफ द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के पूजन से की गई तत्पश्चात स्कूल की छात्राओं द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत का गायन किया गया । कार्यक्रम का संचालन मुकेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया संचालन के दौरान मुकेश श्रीवास्तव द्वारा स्कूल की ओर से मांग पत्र में विद्यालय की बाउंड्री वॉल एवं विद्यालय में बच्चों के लिए कंप्यूटर एवं लैब की सामग्री की मांग की गई तब संबंध में विधायक श्री अग्रवाल ने उनकी मांगों को स्वीकार कर जल्द से जल्द पूर्ति करने का आश्वासन दिया कार्यक्रम में 9 छात्राओं एवं 2 छात्रों को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं, इस अवसर पर विद्यालय परिवार से रंजीत यादव, राम मोहन श्रीवास्तव ,आकाश पाराशर, अजय दीक्षित, रामदयाल भगत, भावना राय के अलावा स्कूल की छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।